# बाल विवाह रोकें, बालश्रम पर लगाएं अंकुश : एएसपी

**श्रावस्ती, संवाददाता।** पुलिस कार्यालय सभागार में शुक्रवार को एएसपी की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा व समन्वय बैठक हुई। बैठक में बाल श्रम पर अंकुश, पॉक्सो एक्ट के साथ-साथ बाल विवाह रोकने व उनके कल्याण के लिए सरकार की ओर से संचालित योजनाओं पर चर्चा की गई।

एएसपी मुकेश चन्द्र उत्तम ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त कर फीडबैक लिया। उन्होंने महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश लखनऊ की ओर से जारी अनुसंधान, बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों व जनपद में कार्यरत एनजीओ के समक्ष आ रही समस्या की जानकारी ली। बाल गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम व बाल श्रम पुनर्वास, मिशन शक्ति अभियान व बाल विवाह विशेष राष्ट्रीय 100 दिवसीय अभियान के संबंध में चर्चा की। उन्होंने सभी बाल कल्याण अधिकारियों को क्षेत्र में जाकर सरकार की ओर से बाल श्रम के विरुद्ध चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जागरूक करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि इण्डो नेपान बार्डर से सटे गांवों में नियमित चौपाल लगाकर बाल विवाह न करने के लिए लोगों को प्रेरित करें साथ ही वहां के ग्राम प्रहरियों व जागरूक लोगों को सतर्क करें।